आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

19.05 शुक्रवार दिनांक 14.06.2024

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

**1— छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश सी.बी. वाजपेयी अमर गुफा जैतखांभ तोड़फोड़ घटना की जांच करेंगे—जांच समिति तीन महीने के भीतर राज्य शासन को रिपोर्ट सौंपेगी।**

**2— बलौदाबाजार घटना की जांच के लिए भाजपा ने पांच सदस्यीय समिति बनाई—इस बीच, कांग्रेस के दल ने आज बलौदाबाजार का दौरा किया।**

**3— बिलासपुर सांसद तोखन साहू केंद्रीय आवास और शहरी कार्य राज्यमंत्री का पदभार संभालने के बाद कल पहली बार आएंगे छत्तीसगढ़—रायपुर और राजनांदगांव में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे।**

**4— नारायणपुर और बीजापुर जिले में आईईडी विस्फोट की अलग—अलग घटनाओं में तीन जवान घायल।**

**बलौदाबाजार—न्यायिक जांच**

गिरौधपुरी धाम के ग्राम महकोनी स्थित अमर गुफा में बीते दिनों जैतखांभ के क्षतिग्रस्त होने की घटना की जांच छत्तीसगढ उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश सी.बी. बाजपेयी करेंगे। यह एकल सदस्यीय टीम छह बिन्दुओं पर इस घटना की जांच कर तीन माह के भीतर अपनी रिपोर्ट राज्य सरकर को सौंपेगी। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने इस मामले की न्यायिक जांच कराने की घोषणा की थी। वहीं, प्रदेश भाजपा ने बलौदाबाजार घटना की जांच के लिए पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री दयाल दास बघेल की अध्यक्षता वाली यह कमेटी सात दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। खेलकूद और युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा, प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन मारकंडेय और पूर्व विधायक रंजना साहू को इस कमेटी का सदस्य बनाया गया है। गौरतलब है कि बलौदाबाजार नगर में बीते दस जून को प्रदर्शनकारियों ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कार्यालयों में तोड़फोड़ करने के साथ ही अनेक वाहनों पर आग लगा दी थी। इस बीच, कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने आज बलौदाबाजार का दौरा किया। इसमें नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज पूर्व, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ ही कांग्रेस के अनेक विधायक और वरिष्ठ नेता शामिल थे। कांग्रेस के इस दल ने बलौदाबाजार में कलेक्टर और एसपी कार्यालय का निरीक्षण किया। साथ ही विभिन्न समाज के लोगों के साथ बातचीत करने के अलावा स्थानीय व्यापारियों से भी चर्चा की।

**कलेक्टर/पुलिस अधीक्षक—निलंबन**

इस बीच, राज्य सरकार ने बलौदाबाजार जिले के पूर्व कलेक्टर कुमार लाल चौहान और पूर्व पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार को बलौदाबाजार—भाटापारा में हुई आगजनी और तोड़फोड़ की घटना के मामले में निलंबित कर दिया है। इन दोनों अधिकारियों को जैतखांभ को क्षतिग्रस्त करने की घटना के संबंध में प्राप्त शिकायत पर उचित कार्रवाई न किए जाने के आरोप में निलंबित किया गया है। गौरतलब है कि बलौदाबाजार में उग्र प्रदर्शन और आगजनी की घटना होने के बाद इन दोनों अधिकारियों को पहले ही हटा दिया गया था।

**आदिवासी समाज—प्रदर्शन**

छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज ने आज मोहला—मानपुर—अंबागढ़ चौकी जिले के मानपुर में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना—प्रदर्शन किया। इसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम् भी शामिल हुए। साथ ही बस्तर के आदिवासी नेता और पदाधिकारी भी मौजूद थे। सुरक्षा के दृष्टि से पुलिस के जवान तैनात किए गए थे। सभास्थल को एसडीएम ने जेल घोषित कर दिया था। आंदोलनकारियों ने सभास्थल पर ही अपनी गिरफ्तारी दी।

**केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू—बैठक**

बिलासपुर सांसद तोखन साहू केंद्रीय आवास और शहरी कार्य राज्यमंत्री का पदभार संभालने के बाद पहली बार कल छत्तीसगढ़ पहुंच रहे हैं। रायपुर पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा श्री साहू का स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर स्वागत किया जाएगा। इसके बाद श्री साहू रायपुर स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित आभार कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं, श्री साहू कल रायपुर और राजनांदगांव में आयोजित अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे।

इससे पहले, श्री साहू ने आवास और शहरी कार्य मंत्रालय में राज्यमंत्री का पदभार संभालने के बाद अधिकारियों की बैठक लेकर बिलासपुर में पीएम ई–बस सेवा जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही बिलासपुर की जनता के लिए हर घर नल योजना को भी जल्द से जल्द लागू करने को कहा है।

**जवान घायल**

नारायणपुर और बीजापुर जिले में आईईडी विस्फोट की अलग–अलग घटनाओं में तीन जवान घायल हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार नारायणपुर जिले में माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी में विस्फोट होने से दो जवान घायल हो गए। जिले के कोहकामेटा थाना क्षेत्र के कुतूल और मोहंदी के बीच जंगलों में आईटीबीपी की टीम आज सुबह गश्त के लिए निकली थी। इसी दौरान ग्राम कुतुल के पास माओवादियों द्वारा पहले से लगाए गए आईईडी में विस्फोट होने से आईटीबीपी के दो जवान घायल हो गए। घायल जवानों की स्थिति खतरे से बाहर है। वहीं, बीजापुर में डीआरजी, बस्तर फाइटर, एसटीएफ और कोबरा बटालियन की संयुक्त टीम गश्त पर निकली थी। इसी दौरान बन्देपारा के जंगल में माओवादियों के द्वारा लगाए गए प्रेशर बम की चपेट में आने से एक जवान घायल हो गया है। इस बीच, कोंडागांव जिल के ग्राम केजंग से एक माओवादी को गिरफ्तार किया गया है। इस पर मोबाइल टॉवर में आगजनी करने का आरोप है।

**दुर्घटना**

कोरबा जिले के पाली थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार मोटर साइकिल के पेड़ से टकराने से मोटर सायकिल सवार तीन युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार यह घटना डूमरकछार से दीपका मार्ग पर हुई है। तीनों युवक ग्राम धौराभाठा के रहने वाले थे। इधर, रायपुर से जगदलपुर जा रही एक यात्री बस केशकाल के पास टायर फटने से अनियंत्रित होकर पोल्ट्री फॉर्म से टकरा गई। इस हादसे में ड्राईवर और कंडक्टर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, दस यात्री घायल हो गए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर, दुर्ग जिले के कुम्हारी ओवर ब्रिज के पास एक ट्रक ने मोटर साइकिल सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में चार साल की एक बच्ची की मौत हो गई।

**विश्व रक्तदाता दिवस**

आज विश्व रक्तदाता दिवस है। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र रायपुर के सहयोग से राजीव गांधी राष्ट्रीय भूमिजल प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, रायपुर द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें पच्चीस से अधिक अधिकारियों ने रक्तदान किया। राजीव गांधी राष्ट्रीय भूमिजल प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान के क्षेत्रीय निदेशक निधीष वर्मा ने सभी अधिकारियों को रक्तदान करने की शपथ दिलाई। नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी अर्पित तिवारी ने बताया की नेहरू युवा केंद्र द्वारा हर वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। वहीं, भिलाई के कल्याण महाविद्यालय में चालीस से अधिक एनसीसी कैडेटों ने भी रक्तदान किया।

**उप मुख्यमंत्री–निर्देश**

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने विभाग की समीक्षा बैठक में राज्य के सभी एक सौ चौरासी नगरीय निकायों में बिजली बिल और एनर्जी ऑडिट के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पारंपरिक ऊर्जा के स्थान पर सौर ऊर्जा का उपयोग करने को कहा है। श्री साव ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि अधिकांश निकायों में इस मद में राशि के अभाव के कारण समय पर बिजली के बिल का भुगतान नहीं किया जाता है। इससे नगरीय निकायों और विभाग को हर वर्ष अनावश्यक ही सरचार्ज और एरियर्स की राशि के रूप में बिजली विभाग को अतिरिक्त राशि का भुगतान करना पड़ता है। ऊर्जा और बिजली बिल के ऑडिट से इनकी बचत के उपाय करने में सहूलियत होगी। श्री साव ने बिजली बचाने और इसके खर्च में कमी लाने के लिए नगरीय निकायों में पारंपरिक ऊर्जा के बदले हरित ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने को कहा है।

**शिक्षा के अधिकार–समिति गठन**

राज्य सरकार ने निजी स्कूलों में शिक्षा के अधिकार–आरटीई के तहत पढ़ने वालों बच्चों के स्कूल छोड़ देने को लेकर एक आदेश जारी किया है। सामान्य प्रशासन विभाग से जारी आदेश के अनुसार कलेक्टर की अध्यक्षता में हर जिले में नौ सदस्यीय जिला स्तरीय निगरानी समिति बनाई जाएगी। इनमें जिला पंचायत के सीईओ, नगर निगमों के कमिश्नर, डीईओ समेत एक स्कूल के प्राचार्य और पालक शामिल होंगे।

## हिन्दी कार्यशाला

राजीव गांधी राष्ट्रीय भूमिजल प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान रायपुर में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति ने आज संयुक्त हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में छह कार्यालयों के तीस से अधिक अधिकारियों ने भाग लिया।

## मौसम

दक्षिण–पश्चिम मानसून छत्तीसगढ़ में थोड़ा और आगे बढ़ गया है, लेकिन अभी यह बस्तर संभाग से आगे नहीं बढ़ पाया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिनों में मानसून की सक्रियता और बढ़ेगी। इससे पूरे राज्य में अच्छी बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग के मुताबिक सोलह जून के बाद राज्य में बारिश की गतिविधियां बढ़ सकती है। फिलहाल राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा हो रही है। आज शाम राजनांदगांव में तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश हुई। वहीं, जशपुर में भी अच्छी बारिश होने की खबर मिली है।

इस बीच, मौसम विभाग के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। इस दौरान कहीं–कहीं गरज–चमक के साथ वज्रपात की चेतावनी भी दी गई है।

## बातों–बातों में

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार **मानसून पर आधारित रहेगा। इस संबंध में रायपुर स्थित मौसम विभाग के विज्ञानी एच.पी. चन्द्रा से** ली गई भेंटवार्ता प्रसारित की जाएगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी केंद्र रायपुर से कल पन्द्रह जून को सुबह साढ़े दस बजे से प्रसारित होगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

## हॉकी–प्रतियोगिता

राजनांदगांव के अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में बीस जून से पांचवीं राज्य स्तरीय सब जूनियर और जूनियर हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यहां से चयनित खिलाड़ी इक्कीस जूलाई से दूसरी वेस्ट जोन राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे, जिसकी मेजबानी छत्तीसगढ़ करेगा। प्रतियोगिता की तैयारी को लेकर राजनांदगांव जिला हॉकी संघ की कार्यकारिणी की बैठक हुई। इसमें संघ के पदाधिकारियों को दायित्व भी सौपें गए।

इस बैठक में स्थानीय खिलाड़ियों के लिए लीग हाकी प्रतियोगिता आयोजित करने पर विचार किया गया। साथ ही बीस जून से होने जा रही पांचवीं राज्य स्तरीय सब जूनियर व जूनियर बालक–बालिका हॉकी प्रतियोगिता पर भी चर्चा की गई। जिला हॉकी संघ के सचिव ने कहा कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी हॉकी इंडिया ने दूसरी जूनियर बालक–बालिका वेस्ट जोन राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता की मेजबानी छत्तीसगढ़ को दी है जिसके सुचारू रूप से संचालन का निर्णय बैठक में लिया गया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>